INDIAN INDUSTRIES ASSOCIATION
AN APEX BODY OF MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
(IN THE SERVICE OF MSME SINCE 1985)

अनुस्मारक-1

सन्दर्भ सं- 3/Labr/13915 19.05.2020

सेवा में,
डॉ सुधीर एम० बोबडे, आई.ए.एस
श्रम आयुक्त
उत्तर प्रदेश

विषय: उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक श्रमिको के लिए वर्ष 2020-21 हेतु घोषित महंगाई भत्ते को स्थगित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,
उपरोक्त विषय पर हमारे पूर्व पत्र सं 3/labr/0158 दिनांक 11.05.2020 (प्रतिलिपी संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस पत्र में हमने आपसे निवेदन किया था कि उत्तर प्रदेश सरकार भी औद्योगिक श्रमिको के लिए वर्ष 2020-21 हेतु घोषित महंगाई भत्ते को कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न परिस्थिति और उद्योगों में बंदी/छाई मंदी को ध्यान में रखते हुए स्थगित करने की कृपा करें।

उपरोक्त निवेदन पर हमे उत्तर प्रदेश सरकर के निर्णय की जानकारी अभी तक नहीं मिल पायी है।

अत: आपसे निवेदन है कि वर्ष 2020-21 के लिए घोषित महंगाई भत्ते को शीघ्र स्थगित करने की कार्यवाही करने की कृपा करें।

धन्यवाद

पंकज कुमार
अध्यक्ष

Head Office : IIA Bhawan, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226 010
Tel.: +91-522-2720090, 3248178, Fax: +91-522-2720097, email : iia@iiaonline.in, website : www.iiaonline.in

INDIAN INDUSTRIES ASSOCIATION
AN APEX BODY OF MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
(IN THE SERVICE OF MSME SINCE 1985)

सन्दर्भ सं- 3/labr/0158 11.05.2020

सेवा में,
डॉ सुधीर एम० बोबडे, आई.ए.एस
श्रम आयुक्त
उत्तर प्रदेश

विषय: उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक श्रमिको के लिए वर्ष 2020-21 हेतु घोषित महंगाई भत्ते को स्थगित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,
कृपया दिनांक 25.04.2020 को आईआईए की आपके साथ हुई विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। इस बैठक में आपसे प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक श्रमिको के लिए वर्ष 2020-21 हेतु घोषित महंगाई भत्ते को स्थगित करने का अनुरोध किया था जिसपर आपने आश्वाशन दिया था कि इस सम्बन्ध में एक प्रस्ताव आपके कार्यालय से उ०प्र० शासन को शीघ्र प्रेषित किया जायेगा और आईआईए को सरकार के निर्णय से अवगत करा दिया जायेगा।

आशा है कि आपने इस आशय का प्रस्ताव उ०प्र० शासन को प्रेषित कर दिया गया होगा। आपको अवगत कराना है कि केंद्र सरकार की तर्ज पर पंजाब सरकार ने भी औद्योगिक श्रमिको के लिए वर्ष 2020-21 हेतु घोषित महंगाई भत्ते को स्थगित कर दिया है।

अत: आपसे निवेदन है कि उत्तर प्रदेश सरकार भी औद्योगिक श्रमिको के लिए वर्ष 2020-21 हेतु घोषित महंगाई भत्ते को शीघ्र स्थगित करने पर शीघ्र कार्यवाही कर हमे सूचित करने का कष्ट करें।

धन्यवाद

पंकज कुमार
अध्यक्ष

प्रतिलिपी आवश्यक कार्यवाही हेतु:

1. श्री स्वामी प्रसाद मौर्या माननीय मंत्री श्रम विभाग उत्तर प्रदेश
2. प्रमुख सचिव श्रम विभाग उत्तर प्रदेश

पंकज कुमार

Head Office : IIA Bhawan, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226 010
Tel.: +91-522-2720090, 3248178, Fax: +91-522-2720097, email : iia@iiaonline.in, website : www.iiaonline.in